मोटरकार और शरारती कुत्ता

जोसफ रात को मीट के सॉसेज खाना चाहते थे, इसलिए उन्होंने शहर जाने की सोची. वो अपनी पुरानी कार, गुमड्रॉप में बैठे. फिर उन्होंने अपने पालतू कुत्ते होरेस को बुलाया. "चलो होरेस, चलो कुछ खाना खरीदकर लाते हैं." होरेस झट से कूदकर गुमड्रॉप की पीछे की सीट पर बैठ गया.

होरेस को गमड्रॉप में सवारी करना बहुत पसंद था. वो आराम से बैठा. उसने हवा को सूँघा. कितनी अच्छी खुशबू आ रही थी. हवा ने उसकी नाक को ठंडा किया और उसके कानों में गुदगुदी की. फिर होरेस ने अपनी पूंछ हिलाई.

शहर पहुँचने के बाद जोसफ ने अपनी गाड़ी गुमड्रॉप को बेकरी के सामने पार्क किया. फिर वो होरेस को देखकर मुस्कुराए. उन्होंने उसके सिर को थपथपाया. "तुम एक अच्छे पिल्ले हो," जोसफ ने कहा. "बिल्कुल यहीं बैठे रहना, मैं जल्द ही वापिस आऊंगा."

होरेस फिर से बैठ गया. उसने हवा को सूँघा. बड़ी उम्दा खुशबू आ रही थी. होरेस को बेकरी से ब्रेड पकने की महक आई. वाह! उसे इत्र की खुशबू आई. पी-यू!

इन सब सुगंधों में कितन मज़ा था! उसने फिर एक बार दुबारा सूंघा. इस बार होरेस ने मीट के सॉसेज की खुशबू आई!

सॉसेज!

होरेस को मीट के सॉसेज बेहद पसंद थे. जोसफ ने जो कुछ कहा था वो सब कुछ भूल गया. वो अब बैठना भी भूल गया. वह झट से फुटपाथ पर कूदा जहां पर उसे तीन सॉसेज पड़े हुए मिले. होरेस को अपनी आँखों पर विश्वास नहीं हुआ. उसे अपनी नाक पर विश्वास नहीं हुआ. उसे अपनी किस्मत पर यकीन नहीं हुआ!

ख़ुशी से पागल होकर होरेस चिल्लाया!
उसने सॉसेज अपने मुंह में उठा लिए.
बूढ़ी महिला सैली ने होरेस की आवाज़ सुनी.
उसने होरेस को घूरा. उसने उसके मुंह में सॉसेज
देखे. फिर उसने अपने थैले में देखा.
वे सॉसेज सैली के थे जो उसने अभी खरीदे थे!

सैली ज़ोर से चिल्लाई. "मदद करो!" वो रोई. "उस चोर को रोको!" लोग रुके और उन्होंने मुड़कर देखा. "देखो उस कुत्ते ने मेरे सॉसेज चुराए हैं. मदद करो, मदद करो!" सैली ने अपने दोनों हाथ हवा में लहराए. "उस कुत्ते को रोको! उसे जल्दी पकड़ो!"

सैली की चिल्लाने से बेचारा होरेस घबरा गया. उसने सड़क पर दौड़ लगाई. सैली उसके पीछे-पीछे दौड़ी. वो लगातार चिल्ला रही थी. कुछ लोग उसके पीछे दौड़े रहे थे. वे भी चिल्लाए. क्या हंगामा था! होरेस तेजी से भागा.

होरेस एक दुकान से जाकर टकरा गया. सैली और उसके दोस्त भी दुकान से जाकर टकराए. उससे दुकान की टोकरियों में से सब्ज़ी और फल लुढ़क गए.

आलू एक ओर लुढ़के.
टमाटर दूसरी ओर लुढ़के.
कितना बड़ा झंझट पैदा हुआ!
होरेस और भी तेज से दौड़ा.

होरेस वहां से दुम दबाकर भागा. वो पिछले दरवाजे से निकलकर एक गली में घुस गया. वहां उसकी मुलाकात एक बुलडॉग से हुई. बुलडॉग बहुत बड़ा था. वो बहुत मतलबी दिख रहा था. वो बुलडॉग सॉसेज चाहता था!

होरेस होशियार था. उसे पता था किससे पंगा लेना चाहिए और किससे नहीं. होरेस ने तुरंत अपना मुँह खोला. उसने सॉसेज ज़मीन पर गिरा दिए.

और उसके दोस्त गली में घुसे.

होरेस उनके रास्ते से हट गया.

सैली ने बुलडॉग के मुंह में सॉसेज देखे.

"वो रहा चोर!," वो चिल्लाई. "उसका पीछा करो!"

लोग बुलडॉग के पीछे तेज़ी से दौड़े.

इस बीच होरेस वहां से कट लिया और वापस कार में आकर चुपचाप बैठ गया.

बुलडॉग ने तुरंत सॉसेज अपने मुंह में दबाए.

बस तभी सैली

होरेस कूदकर पीछे की सीट पर बैठ गया.
कुछ ही मिनटों में उसने हांफना बंद कर दिया.
उसके बाद वो वहां एकदम शांत बैठा रहा. कुछ मिनटों में
जोसफ वापस आए. "तुम एक अच्छे पिल्ले हो!." जोसफ ने
कहा. "तुम वहीँ बैठे हो, जहाँ मैं तुम्हें छोड़कर गया था.
देखो मैं तुम्हारे खाने के लिए कुछ सॉसेज लाया हूँ." जोसफ
ने कहा. "अपनी शराफत से तुमने इन्हें कमाया है!"
होरेस ने सॉसेज खाए. उसने अपने होंठ चाटे. "हाँ" उसने
सोचा. "हाँ, इतना दौड़ने के बाद अब मुझे बहुत भूख लगी
है. मुझे सॉसेज ज़रूर चाहिए."

समाप्त